भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1293**
उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
सोमवार, 17 अग्रहायण, 1947 (शक)

**बिहार में कौशल विकास केन्द्र**

**1293. डॉ. मोहम्मद जावेद:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) बिहार में कौशल विकास केन्द्रों के अंतर्गत हुई प्रगति की स्थिति क्या है;

(ख) बिहार के कौशल विकास केन्द्रों (केवीके) में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अन्तर्गत विशेषकर किशनगंज और पूर्णिया जिलों में अब तक प्रशिक्षित युवाओं की जिला-वार कुल संख्या कितनी है; और

(ग) मजदूरी नियोजन या स्व-रोजगार में कार्यरत युवाओं सहित प्रशिक्षित युवाओं की रोजगार स्थिति की निगरानी करने के लिए क्या प्रणाली मौजूद है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख): भारत सरकार के कौशल भारत मिशन (सिम) के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) विभिन्न योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से बिहार राज्य सहित देश भर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनः-कौशल और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस मिशन का उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना और उन्हें उद्योग-संबंधित कौशल से सुसज्जित करना है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र आवश्यकतानुसार स्थापित या संचालित किए जाते हैं। बिहार राज्य में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्थापित या संचालित प्रशिक्षण केंद्रों का ब्यौरा (दिनांक 31.10.2025 तक) निम्नानुसार है:

| पीएमकेवीवाई 4.0 केंद्र (एसटीटी+एसपी)* | जेएसएस केंद्र | एनएपीएस प्रतिष्ठानों | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) (सरकारी और निजी) |
|---|---|---|---|
| 537 | 21 | 686 | 1356 |

* *अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) और विशेष परियोजनाएं (एसपी)*

पीएमकेवीवाई के तहत, दिनांक 31 अक्टूबर 2025 तक बिहार राज्य में 7,60,581 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है। बिहार राज्य में पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग): पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, प्रशिक्षित उम्मीदवारों को अपने विविध करियर पथ चुनने और उन्हें इसके लिए उपयुक्त रूप से अभिविन्यस्त करने के लिए सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अलावा, स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) जैसे विभिन्न आईटी उपकरण भी यह अवसर प्रदान करते हैं। प्रशिक्षित उम्मीदवारों का विवरण सिद्ध पोर्टल पर उपलब्ध है ताकि उन्हें संभावित नियोक्ताओं से जोड़ा जा सके। सिद्ध के माध्यम से, उम्मीदवार नौकरियों और प्रशिक्षुता के अवसरों तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रमाणित उम्मीदवारों को प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए रोज़गार मेले और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेले (पीएमएनएएम) का आयोजन किया गया है। जेएसएस के अंतर्गत, उम्मीदवारों को उद्यमिता और आजीविका संवर्धन हेतु अभिविन्यस्त करने हेतु आजीविका प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है।

**अनुबंध-I**

**"बिहार में कौशल विकास केन्द्र" के संबंध में दिनांक 08.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1293 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

बिहार राज्य में पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों का जिलावार विवरण (शुरुआत से लेकर दिनांक 31.10.2025 तक की स्थिति के अनुसार)

| **जिले का नाम** | **कुल प्रशिक्षित** |
|---|---|
| अररिया | 8,327 |
| अरवल | 7,051 |
| औरंगाबाद | 20,599 |
| बांका | 14,681 |
| बेगूसराय | 13,351 |
| भागलपुर | 17,898 |
| भोजपुर | 23,192 |
| बक्सर | 15,034 |
| चंपारण | 275 |
| दरभंगा | 15,189 |
| गया | 31,876 |
| गोपालगंज | 24,710 |
| जमुई | 19,794 |
| जहानाबाद | 15,487 |
| कैमूर (भभुआ) | 10,885 |
| कटिहार | 17,234 |
| खगरिया | 16,638 |
| **किशनगंज** | **9,481** |
| लखीसराय | 7,825 |
| मधेपुरा | 13,098 |
| मधुबनी | 29,988 |
| मुंगेर | 24,503 |
| मुजफ्फरपुर | 33,392 |
| नालन्दा | 28,551 |
| नवादा | 14,985 |
| पश्चिम चंपारण | 26,266 |
| पटना | 73,148 |
| पूर्वी चंपारण | 23,333 |
| **पूर्णिया** | **24,700** |
| रोहतास | 25,774 |
| सहरसा | 13,495 |
| समस्तीपुर | 19,583 |
| सारण | 46,259 |
| शेखपुरा | 4,919 |
| शिवहर | 4,459 |
| सीतामढ़ी | 6,532 |
| सिवान | 26,188 |
| सुपौल | 8,017 |
| वैशाली | 23,864 |
| **कुल** | **7,60,581** |

*****